तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 19.9 डिग्री

हरिभूमि
वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 3 मई 2025

13 रोशनी और सोनाली को मिला स्टूडेंट ऑफ द...



14 बस्तर विकास को लेकर स्थानीय जन मानस से चर्चा





# मोबाइल कनेक्टिविटी से गांवों में खुशी, ग्रामीणों ने ढोल नगाड़े की थाप में जवानों संग मनाया जश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के नक्सल प्रभावित इलाकों के ग्रामीणों को देश दुनिया से जोड़ने के लिए के लिए लगातार संचार सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है।

अलग खबर

धूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र व नक्सलियों के मिलिट्री बटालियन चीफ बारसे हिड़मा के गांव में भी अब मोबाइल की घंटी सुनाई देने लगी है। पूर्वती से लगे कोण्डापल्ली में जिओ का टॉवर स्थापित करने के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों की खुशी दोगुनी हो गई। ग्रामीणों ने परम्परागत तरीके से ढोल व नगाड़े की थाप पर नाचते गाते हुए जश्न मनाया और अपनी खुशी का ईजहार किया।

## नक्सल प्रभावित इलाके कोण्डापल्ली व गुंजेपर्ती में लगा टॉवर, गूंजी मोबाइल की घंटी





### क्षेत्र में संचार के सुदृढ़ीकरण के लिए मोबाइल टावर की स्थापना

*स्थानीय लोगों को अब अपने परिवार के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों से संपर्क स्थापित करने में आसानी होंगी। वर्तमान समय में मोबाइल और इंटरनेट की आवश्यकता और सुविधा को देखते हुए क्षेत्र में संचार के सुदृढ़ीकरण के लिए लगातार मोबाइल टावर स्थापित किए जा रहे हैं। मोबाइल कनेक्टिविटी क्षेत्र के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।*

*- सुंदरराज पी*
*आईजी बस्तर*

गौरतलब है कि हाल ही में कोण्डापल्ली में नया कैम्प स्थापित किया गया था। फोर्स के आते ही इलाके में विकास कार्य शुरू कर दिया गया। यहां सड़क निर्माण कार्य के साथ ही ग्रामीणों की सुविधा के लिए अस्पताल, राशन दुकान व बच्चों के लिए स्कूल व आगंनबाड़ी की स्थापना कर शुरू किया गया। इसके साथ ही ग्रामीणों को देश व दुनिया से जोड़ने के लिए संचार सुविधाओं का भी विस्तार किया गया। दो दिन पूर्व कोण्डापल्ली में जिओ का टॉवर लगाने के बाद मोबाईल कनेक्टिविटी शुरू कर दी गई। नक्सलगढ़ में अब बदूंक की गोली की आवाज की जगह मोबाईल की रिंगटोन सुनाई देने लगी है। इससे पूर्व बीजापुर जिले के उसूर थाना क्षेत्र के गुंजेपर्ती में भी टॉवर लगाया जा चुका है जिसके उपरांत सुदूर ग्राम गुंजेपर्ती, पुजारीकांकेर, चिंगनपल्ली, नेलाकांकेर व कमलापुर के ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### रोटरी भवन में होगा दुर्लभ प्रवचन का आज से शुभारंभ

**जगदलपुर।** उत्तराखंड के ऋषिकेश से आए आनंद महाराज और पंकज महाराज 3 से 9 मईतक रोटरी भवन में दुर्लभ प्रवचन देंगे। माहेश्वरी समाज, रोटरी क्लब और बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के इस आयोजन में प्रातः 5 से 6:30 बजे तक और शाम 4 से 7 बजे तक स्वामी जी के दिव्य वाणी का श्रवण लोग कर सकेंगे।

### सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बनाए गए गुप्ता

**जगदलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल ने ब्लाक दरभा के शासकीय उमा विद्यालय छिंदबहार के व्याख्याता एलबी राजेश गुप्ता को जगदलपुर ब्लाक का प्रभारी सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर के आदेश पर यह नियुक्त की गई है। ज्ञात हो कि पूर्व एबीईओ भारती देवांगन को बस्तर ब्लाक का बीईओ नियुक्त किये जाने से यहां एबीईओ का पद रिक्त हो गया था।

### शमक विवि कार्यपरिषद के सदस्य बनाए गए अजय सिंह

**जगदलपुर।** शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय जगदलपुर के कुलसचिव ने जारी अधिसूचना में



शहर के अजय सिंह बैस को कार्यपरिषद में सदस्य बनाए जाने की जानकारी दी है। यह नियुक्ति राज्यपाल के द्वारा की गई है। अजय सिंह बैस पूर्व में छत्तीसगढ़ योग आयोग के सदस्य रहे चुके है।

### कोड़ेनार शाला की व्यवस्था देखने पहुंची दिल्ली की टीम



**जगदलपुर।** दिल्ली नेस्ट से नाबेट टीम एकलव्य कोड़ेनार विद्यालय के निरीक्षण एवं सर्वे के लिए शुक्रवार की सुबह पहुंची, टीम ने डॉक्यूमेंटेशन एवं मैनेजमेंट को सराहा, ब्वायज हॉस्टल गर्ल्स हॉस्टल का निरीक्षण किया और बेहतर ढंग से मैनेजमेंट को लेकर प्राचार्य जी. शिवा रेड्डी और स्टाफ की सराहना की।

## शहर को एक समृद्ध, स्वच्छ और समावेशी के रूप में विकसित करने का संकल्प

# महापौर ने 239 करोड़ का अपना पहला बजट पेश किया, पक्ष-विपक्ष की सहमति से हो गया पारित







हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

15 वर्षों बाद निगम की सत्ता में लौटी भाजपा के महापौर संजय पांडे ने अपने पहले कार्यकाल का पहला बजट शुक्रवार को सदन के पटल पर रखा। 239 करोड़ के बजट में शहर विकास पर फोकस किया गया है। बजट के पूर्व महापौर पांडे सनातनी परम्परा के अनुसार कार्रवाई की शुरुआत बस्तर की आराध्य देवी मां दंतेश्वरी, मां मावली देवी,जय श्री राम और बूढ़ादेव के जयघोष के साथ के साथ बजट पर भाषण शुभारंभ किया। निगम अध्यक्ष खेमसिंह देवांगन ने महापौर को बजट प्रस्तुत करने की अनुमति दी। इसके पहले राष्ट्रीय गान व छग राजकीय गीत हुआ। ततपश्चात महापौर नगर निगम का अपना पहला बजट पेश करते हुए सनातन संस्कृति की ऐसी झलक दिखाई कि हर कोई गदगद हो उठा। महापौर ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 239 करोड़ का बजट प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि जगदलपुर केवल एक शहर नहीं, बल्कि यह मां दंतेश्वरी की गोद में बसी हमारी साझा संस्कृति, विरासत और एकता का प्रतीक है। एक प्रशासनिक कार्य नहीं, बल्कि एक स्वप्न का साकार होना बताया। उन्होंने कहा कि ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ सोशल मीडिया से आम नागरिकों से 4700 से अधिक सुझाव लिए



### प्राथमिकता में जलप्रदाय व मूलभूत सुविधाएं

*महापौर ने कहा कि नगर निगम द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए रु. 2 अरब 39 करोड़ 22 लाख 99 हजार की आय अनुमानित की गई है, जबकि रु. 2 अरब 39 करोड़ 39 लाख 83 हजार का व्यय प्रस्तावित है। इस प्रकार 16 लाख 84 हजार का घाटा दर्शाते हुए बजट प्रस्तुत किया गया है। इस बजट का मुख्य फोकस शहर की मूलभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण पर है। विशेषकर जलप्रदाय व्यवस्था को लेकर। जल ही जीवन है इस संकल्प को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक घर, मोहल्ला और बस्ती में स्वच्छ व निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए रु. 3000 लाख का विशेष प्रावधान किया गया है। बजट में अमृत मिशन के तहत घर-घर जल प्रदाय, पुरानी पाइप लाइनों के नवीनीकरण तथा जल संरक्षण से जुड़े उपायों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका संकल्प है- शहर का कोई भी परिवार पेयजल की कमी से न जूझे।*

# 9 आरोपियों से 165 किलो जलाऊ लकड़ी व 9 सायकिल की गई जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अवैध काष्ठ एवं वन्य जीवों पर रोकने के लिए वन विभाग के मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारी सर्चिंग कर रहे हैं। विभाग के मैदानी अधिकारी, कर्मचारी, वन प्रबंधन के सदस्यों की गठित टीम तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए रातभर सर्चिंग कर रहे हैं, इसमें टीम गांव एवं सड़कों में तलाशी कर रही है। जिले के फारेस्ट नाकों में तैनात कर्मचारी वाहनों की रोक कर तलाशी कर रही है। सर्चिंग के दौरान बस्तर परिक्षेत्र में गुरुवार को 9 ग्रामीण आरोपियों से 165 किलो जलाऊ लकड़ी एवं 9 सायकिल जब्त किया गया। कोकामुंडा और बेलगुड़ा से बेसरापाल मार्ग में 2 अप्रैल को आमागुड़ा निवासी जदूराम से 16 किलो, रेटावंड निवासी लक्ष्मण कश्यप से 20 किलो, देउरगांव निवासी बोण्डका कश्यप से 14 किलो, बेलगुड़ा निवासी शंभू एक साथी के साथ ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ जिले के कोकामुंडा, बेलगुड़ा से बेसरापाल मार्ग में फारेस्ट ने की कार्रवाई

### कार्रवाई में ये रहे शामिल

कार्रवाई में वन परिक्षेत्र अधिकारी बस्तर बीएल सुरोजिया, परिक्षेत्र सहायक सूरज कश्यप, परिसर रक्षक जितेंद्र कुमार यादव, घनश्याम जुरी एवं चौकीदार सम्मिलित रहे।

### अवैध काष्ठ का परिवहन रोकें

वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता ने जिले के गांवों में मैदानी अधिकारी, कर्मचारी, वन प्रबंधन की टीम गठित की गई, जो गांव, सड़कों और जंगलों में रात भर सर्चिंग कर रही है, इसके साथ-साथ वन विभाग के नाकों में भी जांच की जा रही है। इसके लिए एसडीओ, रेंजर को निर्देश दिया कि वे अवैध काष्ठ का परिवहन रोकें।

*नशे के दुष्परिणाम व बाहरी लोगों से सतर्क रहने की अपील*

# गढ़िया में पुलिस की चौपाल, ग्रामीणों को साइबर अपराध को लेकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



जिले की लोहण्डीगुड़ा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गढ़िया पंचायत के आश्रीत ग्राम नेगीरास में चौपाल लगाकर साइबर क्राइम व वर्तमान समय में हो रहे फ्रॉड की जानकारी देकर सतर्क रहने की अपील की गई। चलित थाना में ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही निराकरण भी किया गया।

एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश पर शुक्रवार को लोहण्डीगुड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम नेगीरास में चलित थाना सह जनचौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया था। चौपाल में मौजूद एसडीओपी लोहण्डीगुड़ा ईश्वर त्रिवेदी, कलेक्टर कार्यालय शिविर के नोडल अधिकारी राजीव बतरा, थाना प्रभारी लोहण्डीगुड़ा निरीक्षक गणेशराम यादव द्वारा ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए सायबर क्राईम, म्यूल एकाउंट, पीओएस, एटीएम फ्राड, फर्जी लिंक, डिजिटल अरेस्ट तथा ओटीपी शेयर नही करने, फर्जी केवायसी अपडेट कॉल, फर्जी पुलिस कॉल, फर्जी लाटरी, लोन व टावर लगाने के नाम पर आने वाले कॉल्स के लालच में नहीं आने एवं इससे बचने के तरीकों की जानकारी दी गई। इसके अलावा बिना हेलमेट पहने मोटरसाइकिल नहीं चलाने, यातायात ▶▶|शेष पेज 12 पर


*परिवहन विभाग ने 60 वाहनों से बकाया टैक्स 24.65 लाख रुपए वसूला*

# जांच के दौरान 1525 वाहनों से 52.19 लाख का किया जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों में परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने वाहनों की जांच की जा रही है, जिससे चालकों, मालिकों में हड़कंप मच गया है। इस पर माह अप्रैल में टीम ने 1525 वाहनों से 52 लाख 19 हजार 866 रूपए का जुर्माना किया। इसमें से 1430 वाहनों से 19 लाख 89 हजार रूपए का समझौता शुल्क वसूला गया। साथ ही 60 वाहनों से बकाया टैक्स 24 लाख 65 हजार 560 रूपए, 33 ई-चालान से 7 लाख 65 ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ उड़नदस्ता प्रभारी की टीम संभाग के सड़कों में कर रही वाहनों की जांच



### लक्ष्य से दोगुना राजस्व वसूला

प्राप्त जानकारी के अनुसार उड़नदस्ता प्रभारी को हर महीने 20 लाख रूपए का राजस्व का लक्ष्य किया गया है पर अप्रैल माह में जगदलपुर उड़नदस्ता की टीम ने लक्ष्य से दोगुना से अधिक यानि 52.19 लाख का राजस्व वसूल किया गया।

# 54 वर्ष पूर्व छोटे और बड़े जंगल की जमीन में बनी हाऊसिंग बोर्ड कालोनी

■ हितग्राहियों के मकान अब तक नहीं हो सके फ्री-होल्ड

■ वन विभाग की टीम करेगी जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छोटे और बड़े जंगल की जमीन में हाऊसिंग बोर्ड ने वर्ष 1971 यानि 54 वर्ष पूर्व में संभागीय मुख्यालय जगदलपुर स्थित बोधघाट में मिश्रित आवासीय योजना से कालोनी बनाकर लगभग 300 मकान बेचा। इस कालोनी के हितग्राहियों के मकान अब तक फ्री-होल्ड नहीं हो सका और सभी लीज पर हैं। हितग्राही जब मकान बेचने पर लीज रिनीवल कराया जाता है। इस कालोनी में वीआईपी रहते हैं और कई हितग्राहियों ने मकान को तीन मंजिल निर्माण किया गया। बताया जा रहा है कि जब कालोनी बनी उस समय एलआईजी मकान लगभग एक लाख रूपए में बिका। कालोनी में एचआई, एमआईजी, इडब्ल्यूएस एवं एलआईजी के मकान हैं।

### लीज रिनीवल का देंगे नोटिस

हाऊसिंग बोर्ड जगदलपुर प्रक्षेत्र के अपर आयुक्त एचके वर्मा ने बताया कि बोधघाट कालोनी के कागजात का अवलोकन करने से पता चला कि यह कालोनी छोटे और बड़े जंगल की जमीन में वर्ष 1971 में बनी। इस पर वन विभाग की ओर से स्वीकृति नहीं मिली है, जिससे कालोनी के हितग्राहियों से लीज रिनीवल का नोटिस दिया जाएगा।

### टीम गठित कर होगी जांच

वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा ने इस संबंध में बताया कि शहर के बोधघाट का हाऊसिंग बोर्ड कालोनी छोटे और बड़े जंगल की जमीन में होने का संज्ञान में है। इसके लिए टीम गठित कर इसकी जांच कराएंगे।

## पंच सरपंच सम्मेलन में शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# पंचायत के विकास में पंच, सरपंच की भूमिका अहम : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत जगदलपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत आड़ावाल में पंच सरपंच सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव शामिल होकर कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत का बड़ा महत्व होता है। पंचायत एक महत्वपूर्ण इकाई है। सभी नव निर्वाचित जिला, जनपद, सरपंच, उपसरपंच एवं पंच को शुभकामनाएं।

सर्वप्रथम मां दंतेश्वरी की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। देव ने कहा कि हम सभी की सोच होनी चाहिए कि हमारे क्षेत्र के जनमानस का विकास हो। शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को सफल क्रियान्वयन करने में आप सभी की अहम भूमिका होती है। पंचायतों में योजनाओं का क्रियान्वयन करने में हम सभी को मिलकर कार्ययोजना के साथ गांव के विकास के लिए कार्य करना है। हम पंचायत के जनप्रतिनिधि सीधे जनता से जुड़कर जनता के मूलभूत सुविधाओं को देना हमारा दायित्व है। सरपंचों की भूमिका ग्रामीण क्षेत्रों में महत्वपूर्ण होती है। देव ने कहा अपने अपने क्षेत्रों में परिस्थितियों के अनुरूप विकास कार्य करना है समग्र रूप से सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कार्य करना है। प्रधानमंत्री की सोच देश के अंतिम व्यक्ति तक शासन की विकास व जनकल्याणकारी योजनाएं पहुंचे। मुख्यमंत्री विष्णु ▶▶|शेष पेज 12 पर

■ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में सभी का अहम योगदान






### विधायक के समक्ष रखी बात

*भाजपा के वरिष्ठ नेता सुब्रतों विश्वास ने अपनी बात रखी। वहीं पंच सरपंच सम्मेलन में परिचर्चा भी रखा गया था जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक के समक्ष उपसरपंच, सरपंच व जनप्रतिनिधि ने अपने अपने क्षेत्र की बात रखी। इस दौरान उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद सदस्यगण, सरपंच, उपसरपंच,मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, हरिराम मंडावी, मनोहर तिवारी, राजेश श्रीवास्तव, राजेश शर्मा, सीमांचल दास,धरमू राम मंडावी,फूल सिंह सेठिया,लखीधर बघेल, राधे पव्द्दे, अर्जुन सेठिया, सीईओ अमित भाटिया व काफी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।*

**खबर संक्षेप**



## गांवों में बिगड़े हैंडपंपों का हो रहा संधारण

**कांकेर।** पीएचई विभाग की टीमें पानी के स्त्रोतों की जांच कर रही है। बंद पड़े हैंडपंपों की मरम्मत का कार्य भी तेजी से जारी है। इसी के तहत सिदेसर और रानीडोंगरी में जल जीवन मिशन के अंतर्गत की जा रही व्यवस्थाओं का विभागीय टीमों ने जायजा लिया। इस दौरान सरपंचों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों से चर्चा कर पेयजल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने पर जोर दिया गया। पानी की गुणवत्ता की जांच भी की जा रही है, ताकि स्वास्थ्य संबंधी किसी भी प्रकार की समस्या से ग्रामीणों को बचाया जा सके। पीएचई विभाग ने मरम्मत योग्य हैंडपंपों को प्राथमिकता के आधार पर सुधारने का निर्देश दिया है।

## पीईटी एवं पीपीएचटी दो पालियों में होगा 8 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर द्वारा 08 मई दिन गुरूवार को पीईटी एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली पूर्वान्ह 09 से 12.15 बजे तथा द्वितीय पाली अपरान्ह 2 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें जिले के कुल 933 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। कलेक्टर निलेश क्षीरसागर द्वारा परीक्षा का सफल संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर आस्था बोरकर को नोडल अधिकारी बनाया है। परीक्षा के लिए शासकीय भानुप्रतापदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शासकीय इन्दरू केंवट कन्या कॉलेज भीरावाही कांकेर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## भनसुली में मानसिक रोगी ने फांसी लगाकर दे दी जान

**कांकेर।** नरहरपुर थानांतर्गत भनसुली निवासी 45 वर्षीय हरिशनो बाई शोरी ने 24 अप्रैल को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका की मानसिक स्थिति कुछ वर्षो से ठीक नहीं थी। अज्ञात कारणों के चलते उसने फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## कार की ठोकर से बाइक चालक की हुई मौत

**कांकेर।** परतापुर थानांतर्गत मृतक सलियापारा परतापुर निवासी 28 वर्षीय चंद्रदर्शन नाग पिता स्व. फरसूराम नाग मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एलजी 7539 से अपने घर ग्राम सलियापारा परतापुर से अपनी मां को लाने के लिए ग्राम बेलगाल जाने के लिए सुबह 10 बजे निकला था। भिंगीडार मोड़ के पास आरोपी वाहन क्रमांक सीजी 19 बीजे 8086 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक मृतक के मोटर सायकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे चंद्रदर्शन नाग की घटना स्थल पर ही मौत हो गया।

### पिकअप से टकराई महतारी एक्सप्रेस, मससुकाकोडा के पास हुई दुर्घटना

# टायर फटने से एनएच-30 में हादसा नवजात व माता-पिता बाल-बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नेशनल हाइवे 30 मस्सुकोकोडा के पास गुरुवार की शाम करीब 4 बजे 102 महतारी एक्सप्रेस वाहन का टायर फटने से वाहन पीकप से टकरा गया। इस हादसे में 102 में सवार नवजात बच्चा और उसकी मां और पिता कोई चोट नहीं आई। वही पिकप में सवार लोगों के साथ 102 में सवार नवजात बच्चे की दादी घायल हो गए। कुछ देर तक पिकअप चालक गाड़ी में फंसा हुआ था जिसे बाहर निकाला गया। सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को 108 से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल भेजा गया है।

- महतारी एक्सप्रेस में बैठी दादी और पिकअप सवार कुछ लोग हुए घायल

जानकारी अनुसार ग्राम बहीगांव व्यापारी पारा निवासी सुनील नेताम की पत्नी गणेश्वरी नेताम उम्र 27 वर्ष का कोंडागांव अस्पताल में सीजर से डीलवरी हुआ। जच्चा बच्चा स्वस्थ होने से गुरुवार को 102 महतारी एक्सप्रेस वाहन उनके घर बहीगांव व्यापारी पारा छोड़ने आ रही थी। 102 महतारी एक्सप्रेस में सुनील नेताम उम्र 30 वर्ष, उसकी पत्नी गणेश्वरी नेताम उम्र 27 वर्ष , उसकी मां फूलमती नेताम उम्र 56 वर्ष , उसका नवजात बच्चा और उसकी पत्नी की भाभी सवार थे। घर आने के दौरान रस्ते में मस्सुकाकोडा के पास 102 वाहन सामने से आ रही पिकप से टकरा गया। हादसे में नवजात बच्चा, उसकी माता और पिता को कोई चोट नहीं आई, वो बाल बाल बच गए । वही उसकी दादी का पैर टूट गया सर पर चोट आई। पिकप चालक और पीकप सवार युवक को चोट आईं । सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस ने घायलों को उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल भिजवा। नवजात की दादी फूलमती नेताम का पैर टूटने से उसे बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल रिफर किया गया। बताया जा रहा है कि 102 महतारी एक्सप्रेस का टायर फटने से यह हादसा हुआ है,फिलहाल फरसगांव थाना पुलिस दुर्घटना के कारणों को जांच कर रही है।



### पिकप वाहन से शादी का सामना ले जा रहे थे मर्दापाल

पिकप में सवार घायल युवक ग्राम मर्दापाल निवासी पुखराज नाग ने बताया कि वे केशकाल में दुकान से शादी के लिए दहेज सामान खरीदकर अपने घर मर्दापाल जा रहे थे, तभी सामने से आ रही 102 महतारी एक्सप्रेस वाहन ने उनके वाहन को ठोकर मार दी । जिसमें वह खुद और पिकप चालक घायल हो गए।

# फरार गांजा तस्कर दीपांकर व्यापारी किया गया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

थाना फरसगांव क्षेत्रांतर्गत अवैध गांजा तस्कर की सूचना प्राप्त हो रही थी उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कौशलेन्द्र देव पटेल तथा पुलिस अ नु वि भा गी य अधिकारी फरसगांव अभिनव उपाध्याय के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस द्वारा 01 मई शुक्रवार को मुखबीर से प्राप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए फरार गांजा तस्कर आरोपी दीपांकर व्यापारी पिता सुशांत व्यापारी उम्र 34 वर्ष निवासी सिगारपुरी कैम्प थाना फरसगांव को थाना फरसगांव के अपराध कमांक 165/2024 धारा 20 ख एडीपीएस एक्ट में शुक्रवार को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से मौके पर 02 नग मोबाईल जप्त किया गया है। गांजा तरकर के विरूद्ध विधिवत कार्रवाई करते हुए मामला अजमानतीय होने से आरोपी दीपांकर को गिरफ्तार कर माननीय विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है जहां से आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल की जावेगी। उक्त कार्यवाही में सउनि. पिताम्बर कठार, प्रधान आरक्षक मुपेन्द्र साहु, आरक्षक अजरंग बघेल, दीपक हलदार, अजय मरकाम, बासु मरकाम की उल्लेखनीय भूमिका रही है।

- एनडीपीएस एक्ट के तहत न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया आरोपी
- आरोपी के पास से दो नग मोबाईल जब्त

# इंद्रावती की सूखी धार और किसानों की पुकार को ढोंग बताना दुर्भाग्यपूर्ण : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

इंद्रावती नदी के संरक्षण और बस्तर के किसानों के अधिकार को लेकर निकाली जा रही किसानों की इंद्रावती बचाओ किसान अधिकार पदयात्रा पर सांसद महेश कश्यप द्वारा की गई टिप्पणी को लेकर कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। बस्तर जनपद पंचायत सदस्य हेमराज बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा नेताओं की कथनी और करनी में भारी अंतर है। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ कागजों में इंद्रावती का पानी लाती है, जबकि जमीनी हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। बघेल ने कहा कि महेश कश्यप द्वारा किसानों की पदयात्रा को ढोंग कहना बस्तर की जनता की जल-संकट से जूझती स्थिति का मजाक उड़ाने जैसा है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सांसद को इंद्रावती का सूखा तल और किसानों की त्रासदी नहीं दिखती भाजपा के लिए शायद बस्तर केवल आंकड़ों और कागजी योजनाओं तक सीमित है। जब ओडिशा की सीमा पर स्थित जोरानाला संगम में सिल्ट, गाद, रेती, और बोल्डर जमा होने के कारण जल प्रवाह पूरी तरह से रुक गया था, तब सरकार हाथ पर हाथ रखे बैठी थी। किसानों ने आठ पिकअप गाड़ियों में जाकर स्वयं सफाई की, जिससे 8 इंच जल प्रवाह बहाल हुआ, लेकिन सरकार मूकदर्शक बनी रही। जब किसान नदी की सफाई करने के लिए खुद आगे आए तो प्रशासन ने उन्हें धमकाया। उन्होंने याद दिलाया कि कांग्रेस सरकार ने वर्ष 2021 में इंद्रावती बेसिन विकास प्राधिकरण का गठन किया था, लेकिन भाजपा ने सत्ता में आने के बाद उसे सक्रिय करने की कोई पहल नहीं की।



- भाजपा की कथनी-करनी में अंतर, किसान खुद साफ कर रहे इंद्रावती नदी
- जनपद सदस्य ने सांसद के बयान को बताया, जनता की पीड़ा का अपमान

## शराब पीकर हल्ला करने वाले दो युवक पकड़े गए

**कांकेर।** पखांजुर थानांतर्गत कापसी के स्कूल पास शराब पीकर उपद्रव करने वाले दो युवक को पुलिस ने धर दबोचा। कार्रवाई के दौरान पुलिस को आता देख कुछ व्यक्ति भागने में कामयाब हुए। पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिला कि कुछ व्यक्ति कापसी स्कूल मैदान में सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब पीकर हल्ला कर रहे है। जानकारी कि तस्दीक करने के उपरांत पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते ईलाके की घेराबंदी किया। पुलिस की घेराबंदी का एहसास होते ही कुछ व्यक्ति भाग गए। मौके पर आरोपी 28 वर्षीय किशोर सिकारी पिता स्व. कार्तिक सिकारी और 29 वर्षीय विष्णु हालदार पिता कृष्णकांत हालदार निवासी पीव्ही 119 विश्रामपुर को हिरासत में लिया। दोनो आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# जनचौपाल में उमड़ा जनसैलाब, समस्याओं के समाधान का किया वादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना/बासनवाही

जिले के सरोना तहसील अंतर्गत बासनवाही में विधायक आशाराम नेताम ने जन चौपाल लगायी और आमजन से सीधा संवाद किया। ग्रामीणों ने उत्साह के साथ जनचौपाल में भाग लिया और दैनिक जीवन की मूलभूत समस्याएं सीधे विधायक के समक्ष रखीं।

आयोजित जनचौपाल में ग्रामीणों द्वारा सड़कों की जर्जर स्थिति, पेयजल संकट, बिजली की अनियमितता, स्वास्थ्य सुविधा का अभाव, शाला भवनों की खराब हालत और शिक्षकों की कमी जैसे ज्वलंत मुद्दे उठाए। किसानों ने सिंचाई व्यवस्था, खाद-बीज की उपलब्धता और फसल बीमा से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से रखा। महिलाओं ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली में अनियमितता, आंगनबाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधा की कमी तथा स्वास्थ्य केंद्रों में महिला चिकित्सकों की अनुपलब्धता जैसे विषय रखे। विधायक ने ग्रामीणों की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि शासन-प्रशासन के समन्वय से सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। विधायक नेताम ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि वे इन सभी समस्याओं को लेकर न केवल संबंधित अधिकारियों से चर्चा करेंगे, बल्कि विधानसभा में भी इन्हें जोरदार तरीके से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि गांव की मूलभूत सुविधाओं का सुधार ही सच्चे विकास का आधार है। हम सभी गांवों को बेहतर आधारभूत संरचना, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं।



# जनचौपाल में समस्याओं का आवेदन लेकर निराकरण का मिला आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

विकासखंड लोहण्डीगुड़ा के ग्राम पंचायत गढ़िया में बुनियादी सुविधा का मूल्यांकन करने के उद्देश्य से शुक्रवार को जनचौपाल का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी राजीव कुमार बतरा व सरपंच भरत कश्यप, जनपद सदस्य मालती बैज जनचौपाल में मौजूद थे। जिसमें ग्रामवासियों का आवेदन को लेकर समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, बोर खनन की मांग, बिजली, सड़क एवं स्वास्थ्य शिक्षा राशन वितरण जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया गया। नोडल अधिकारी संबंधित ग्राम पंचायत में जनचौपाल में प्राप्त हुई आवेदन की जानकारी कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि के साथ मिलकर क्षेत्रीय समस्याओं का अवलोकन में प्राप्त जनसुनवाई से संबंधित मुद्दों को निराकरण के लिए संबंधित विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देशित किया गया हैं। इस दौरान पंचायत सचिव, कर्मचारियों, पंचगण, पुजारी, कोटवार, ग्रामवासी उपस्थित थे।

- जनसमस्याओं के निराकरण को लेकर गढ़िया पहुंचे नोडल अधिकारी

# पति ने टंगिया मारकर पत्नी की किया हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

पति एवं पत्नी के मध्य कामकाज करने की बात को लेकर आपस में झगड़ा-विवाद होते रहता था। दोनों के मध्य 1 मई को विवाद हुआ, विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी की टंगिया से हमला बोलकर हत्या कर दिया। शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए 24 घंटे के अंदर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

जानकारी के अनुसार आरोपी की माँ बलेश्वरी जुर्री 1 मई को सरपंच सहस्त्र अर्जुन वट्टी, कोटवार प्रेमदास मानिकपुरी, रामाधीन नेताम, धनेश नेताम एवं अन्य निवासी बिरनपुर के साथ नरहरपुर थाना पहुँची। उसने बताया कि मेरे साथ मेरा बेटा युगेश्वर साहू, बहू नीता जुर्री और 2 साल का नाती हितेष जुर्री रहते हैं। बेटा-बहू की शादी को 3 साल हो गया है और दोनों के बीच कामकाज करने की बात को लेकर आपस में झगड़ा-विवाद होते रहता था, इस संबंध में गांव में बैठक भी हो चुकी है। 1 मई की सुबह करीबन 7 बजे कचरा फेंकने घुरवा गई थी। कचरा फेंककर वापिस आकर देखी तो घर के बाड़ी में बेटा बहू को घर का काम काज नहीं करती है, आज तुझे जान से मार दूंगा कहते हुए धारदार टंगिया से गला के पीछे तरफ मार रहा था। मना करते हुई चिल्लाई, तब तक टंगिया से बहू के गला में मार चुका था। बहू जमीन में गिरी, गर्दन के पीछे तरफ से खून निकल रहा था। घटना के बारे में रामाधीन नेताम एवं अन्य लोगों को बताया।



## मोबाइल कनेक्टिविटी से गांवों...

ग्रामीणों को भी संचार सुविधा का लाभ मिलना शुरू हो गया है।

छग शासन की नियद नेल्ला नार व केंद्र की यूएसओएफ योजना का हो रहा विस्तार

मोबाइल टावर की स्थापना से ग्रामीणों को मोबाइल नेटवर्क का लाभ मिलना संभव हो गया है साथ ही मजबूत नेटवर्क एवं इंटरनेट की सुविधा से ग्रामीण अंचल के पढ़ने वाले छात्रों तथा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को भी इससे लाभ मिलेगा। नक्सल प्रभावित इलाकों में छग शासन के नियद नेल्लानार व केंद्र की यूएसओएफ योजना का लगातार विस्तार करते हुए लगातार टॉवर लगाया जा रहा है। टॉवर लगने के बाद अब इन इलाकों में मोबाइल की घंटी सुनाई देने लगी है जिससे क्षेत्र के युवाओं में खुशी की लहर दौड़ गई है। क्षेत्र में सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था, परिवहन की सुविधा के साथ पुलिस एवं प्रशासन द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम से क्षेत्र में अब संचार की सुविधा बहाल हो चुकी है। यह एक महत्वपूर्ण कदम है जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर संचार सुविधा मिलेगी और वे देश-विदेश के साथ जुड़ सकेंगे।

## महापौर ने 239 करोड़ का...

शहर की जनता ने जिस विश्वास के साथ जिम्मेदारी सौंपी है, वही विश्वास उनकी सबसे बड़ी ताकत है। इस पवित्र दायित्व को निभाने की शक्ति और प्रेरणा देता है। महापौर ने शहर को एक समृद्ध,स्वच्छ और समावेशी शहर के रूप में विकसित करने का संकल्प भी दोहराया। मेयर ने बजट को जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब बताया। जनता जनार्दन को नमन कर यह संकल्प लेता हूं कि यह बजट शहर को प्रगति, समृद्धि और सम्मान के नए शिखर तक ले जाएगा। महापौर ने कहा कि यह बजट सिर्फ एक प्रशासनिक दस्तावेज नहीं, बल्कि पूरे शहर की जनता की आशाओं, सुझावों और सपनों का आईना है। इस वर्ष एक अभिनव पहल करते हुए, सोशल मीडिया के माध्यम से आम उन्होंने नागरिकों से सुझाव लिए। जिसमे 4700 से अधिक सुझाव प्राप्त हुए, जिनमें स्वच्छता, पेयजल की उपलब्धता, सड़क सुधार, तालाबों के जीर्णोद्धार, हरियाली बढ़ाने और स्थानीय संस्कृति को बढ़ावा देने जैसी प्राथमिकताओं को शामिल किया गया है। महापौर ने कहा कि हमने इन सभी सुझावों का गंभीरता से अध्ययन किया और इस बजट में यथासंभव उन्हें समाहित करने का प्रयास किया है।

**शहर को स्वच्छ, सुरक्षित बनाने ठोस योजनाएं:** महापौर ने स्वच्छता, विद्युत, अधोसंरचना, बस स्टैंड कायाकल्प, बैराज योजना और तालाबों के संरक्षण को विशेष प्राथमिकता दी है। बजट में केवल मूलभूत आवश्यकताओं तक सीमित न रहते हुए, शहर को स्वच्छ, सुरक्षित, आधुनिक और सुगठित बनाने की दिशा में ठोस योजनाएं बनाई हैं। स्वच्छता के लिए 1000 लाख का प्रावधान किया गया है, जिसके अंतर्गत कचरा प्रबंधन, सफाई अभियान, अपशिष्ट निपटान और जनजागरूकता जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। विद्युत व्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए रु. 500 लाख आवंटित किए गए हैं। स्ट्रीट लाइटिंग के विस्तार से शहर की विभिन्न गलियों को रोशन और सुरक्षित बनाया जाएगा। अधोसंरचनात्मक विकास के अंतर्गत शहर के हर गली- मोहल्ले में सीसी रोड, नाली, पुलिया, ड्रेनेज सिस्टम, डिवाइडर और सड़क डामरीकरण जैसे कार्यों के लिए रु. 5000 लाख की बड़ी राशि प्रस्तावित की गई है। कुशाभाऊ ठाकरे अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के आधुनिकीकरण हेतु रु. 500 लाख का बजट प्रावधान किया गया है। इसके अंतर्गत प्रतीक्षालय, स्वच्छता केंद्र, यात्री सुविधा, पार्किंग और सूचना केंद्र की व्यवस्था की जाएगी।

**इन्द्रावती नदी में बनेगा बैराज:** इन्द्रावती नदी में बैराज योजना को बजट में विशेष प्राथमिकता दी गई है। बैराज शहर को पेयजल और निस्तारी जल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करेगी। साथ ही इससे सिंचाई और पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

**पेज 11 के शेष**

छत्तीसगढ़ और ओड़िसा राज्यों के बीच जल बंटवारे की समस्या को ध्यान में रखते हुए बैराज के लिए 8000 लाख का प्रावधान किया गया है। इसके लिए जल संसाधन विभाग के सहयोग से कार्य किया जाएगा। महापौर ने इस महत्वपूर्ण योजना के लिए राज्य के जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप का आभार प्रकट किया।

**लौटाएंगे शहर का वैभव :** महापौर ने कहा कि वे शहर के पुराने वैभव को लौटाने कटिबद्ध हैं। शहर की ऐतिहासिक पहचान को संजोए रखने के लिए दलपत सागर, गंगामुंडा और पंडरी तरई तालाब के जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण के लिए 2000 लाख का प्रावधान किया गया है। जलकुंभी सफाई, गाद निकासी, जल संरक्षण, वॉक वे, बोटिंग, प्रकाश व्यवस्था और बैठने की समुचित व्यवस्था को शामिल किया गया है। तालाबों की सफाई के लिए स्वदेशी तकनीकों के साथ-साथ पॉन्ड मैन ऑफ इंडिया के नाम से प्रसिद्ध रामवीर तंवर का मार्गदर्शन लिया जा रहा है, जिससे इन जलस्रोतों का पुनर्जीवन और संरक्षण सुनिश्चित हो सकेगा।

**500 लाख में मैदान और पार्क का जीर्णोद्धार:** शहर के सर्वांगीण विकास की दिशा में नगर निगम ने इस बजट में नागरिकों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने वाले अनेक पहलुओं पर भी विशेष ध्यान दिया है। शहर के विभिन्न उद्यान और मैदानों का सौंदर्यीकरण शहर की सांसें हैं। सिटी ग्राउंड, हाता ग्राउंड, लालबाग मैदान, शहीद पार्क समेत अन्य पार्कों के जिर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण के लिए 500 लाख का प्रावधान किया गया है। लोकमान्य तिलक वार्ड में एक सर्वसुविधायुक्त पार्क की योजना तैयार की गई है, जिसमें बच्चों के लिए खेल क्षेत्र, जॉगिंग ट्रैक,ओपन जिम, बैठने की व्यवस्था और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। बाजारों के सुव्यवस्थापन के तहत संजय बाजार और अन्य प्रमुख बाजारों की पार्किंग,साफ-सफाई,सार्वजनिक शौचालय, कचरा प्रबंधन, पेयजल, सुरक्षा और सूचना केंद्र जैसी सुविधाओं को दुरुस्त करने हेतु 500 लाख का प्रावधान किया गया है।मुक्तिधाम एवं कब्रिस्तानों की दशा सुधारने और उन्हें शांति तथा गरिमा से युक्त स्थान बनाने के लिए 300 लाख की राशि स्वीकृत की गई है। इसमें बाउंड्री वॉल, पक्के रास्ते, प्रकाश, शौचालय, जल व्यवस्था, वृक्षारोपण और बैठने की सुविधा शामिल है।

500 लाख में तैयार होगा मल्टीलेवल पार्किंग

मल्टीलेवल पार्किंग के लिए 500 लाख की राशि का प्रावधान किया गया है। इसके निर्माण से शहर में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाया जा सकेगा और पार्किंग की समस्या का समाधान संभव होगा। महापौर ने कहा कि एमआर रोड निर्माण को लेकर भी महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के प्रस्ताव अनुसार वीर सावरकर भवन से खपरा भट्ठी तक तथा अन्य स्थानों पर सड़क निर्माण के लिए 500 लाख का बड़ा प्रावधान रखा गया है।

सबका साथ, सबका विकास

पाण्डे ने कहा कि नगर की जनता जनार्दन के बहुमूल्य सुझावों को इस बजट में यथासंभव शामिल किया गया है, जो कि शहर के समग्र और सतत विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। यद्यपि समय की कमी के कारण प्रत्येक सुझाव का विस्तार से उल्लेख करना संभव नहीं, फिर भी इस अभिभाषण के माध्यम से बजट के प्रमुख बिंदुओं पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा। उन्होंने कहा कि इस बजट में अधोसंरचना विकास, बस स्टैंड आधुनिकीकरण, सरोवर धरोहर योजना, पर्यावरण सुधार, बाजार, मुक्तिधाम और पार्क विकास, ट्रांसपोर्ट नगर और गोकुल नगर जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए समुचित राशि का प्रावधान किया गया है। साथ ही बरसाती जल निकासी, मुख्यमंत्री घोषणाओं, विकलांगजन सुविधा, स्वास्थ्य एवं आवास योजनाएं, ई-गवर्नेंस, सड़क-नाली मरम्मत, स्ट्रीट लाइट, डंपिंग यार्ड सौंदर्यीकरण, महिला एवं युवाओं के लिए रोजगार मूलक योजनाएं, प्रेस क्लब, और ट्रैफिक सिग्नल शेड जैसे विविध जनोपयोगी कार्यों हेतु वित्तीय व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

## 9 आरोपियों से 165...

60 किलो एवं बस्तर निवासी अशोक नाग दो साथियों के साथ 55 किलो जलाऊ लकड़ी, लोगों के साथ 9 सायकिल पकड़ा। सभी पर वन अधिनियम के साथ कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि वन विभाग जगदलपुर के वृत्त मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, बस्तर जिले के वन मंडलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं उप वन मण्डलाधिकारी बस्तर आईपी बंजारे के नेतृत्व में कार्यवाही की गई। गुरूवार को वन परिक्षेत्र बस्तर के अन्तर्गत अवैध रूप से साईकिल द्वारा जलाऊ परिवहन करते 9 साइकिल को जब्त किया गया।

## गढ़िया में पुलिस की चौपाल...

नियमों का पालन करने, सड़क दुर्घटना में मिलने वाली मुआवजा राशि, वाहन के डाक्यूमेंट अपडेट रखने, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराध एवं उनको प्रदत कानूनी अधिकार, बाल विवाह के नुकसान एवं उसके रोकथाम, अभिव्यक्ति एप तथा नशे के दुष्परिणाम के बारे में बताकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस दौरान ग्राम सरपंच भरत कश्यप व जनपद सदस्य श्रीमती मालती बैज के अलावा क्षेत्र के पटेल, कोटवार व अन्य जनप्रतिनिधि व भीर संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

गांव में आने वाले बाहरी तत्वों से सतर्क रहते हुए तत्काल जानकारी शेयर करने की अपील बाहरी लोगों की दी जानकारी जनचौपाल में ग्रामीणों को बाहर से आने वाले असामाजिक तत्वों के आने पर उनसे सतर्क रहते हुए उनकी तत्काल जानकारी सम्बधित थानों में देने की अपील ग्रामीणों से की गई। इसके अलावा गांव में आने वाले नए किराएदारों तथा गांव मे होने वाली अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा गया। इस दौरान ग्रामीणों से पुलिस से संबधित शिकायत के बारे मे पूछकर मौके पर निराकरण किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि वर्तमान समय में सायबर क्राईम चरम पर है इसके झासें में नहीं आने तथा इसकी शिकायत तत्काल टोल फ्री नम्बर पर देने की अपील की गई।

## जांच के दौरान 1525 वाहनों...

हजार 300 रूपए का भुगतान कराया। ओव्हरलोड 2 वाहनों पर कार्रवाई कर 66 हजार रूपए जुर्माना किया गया। बताया जा रहा है कि संभाग की सभी सड़कों में सीमावर्ती राज्यों ओडिशा, आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र एवं तेलंगाना की वाहनों बेखौफ परिवहन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य का टैक्स बिना दिए दूसरे राज्यों की वाहनें बैखौफ चल रही हैं। इस पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम संभाग की सभी सड़कों में वाहनों की जांच की जा रही है।

नियमों का उल्लंघन बरदास्त नहीं

परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी एवं निरीक्षक अनिल घरदे ने बताया कि परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक एवं मालिक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस तरह से सड़कों में बेखौफ नियमों का उल्लंघन बरदास्त नहीं किया जाएगा।

## पंचायत के विकास में पंच...

देव साय की सोच शहर से लेकर गांव तक प्रदेश की जनता का विकास करना, हमारी सरकार हर क्षेत्र में विकास कर रही है। जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में कड़ी का कार्य हम करते हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को शासन की योजनाओं का लाभ मिले हमारा कर्तव्य है। वहीं जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग ने कहा हम सभी मिलकर जनपद पंचायत को आदर्श व श्रेष्ठ जनपद बनायें। सभी मिलकर सामंजस्य के साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। हमारी सरकार में लगातार हर क्षेत्र में विकास कार्य हो रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास योजना 15 मई तक बढ़ी



**सुकमा।** भारत सरकार ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण पीएमएवाई-जी के तहत अतिरिक्त पात्र ग्रामीण परिवारों की पहचान हेतु चल रहे 'आवास+ 2024' सर्वेक्षण की समय-सीमा को बढ़ा दिया है। अब यह सर्वेक्षण 15 मई तक पूरा किया जा सकेगा। इससे पहले यह समय-सीमा 30 अप्रैल निर्धारित की गई थी। भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार, यह निर्णय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्राप्त अनुरोधों पर विचार करने के बाद लिया गया है। इस विस्तार का उद्देश्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सर्वेक्षण प्रक्रिया को पूरी गंभीरता से संपन्न करने तथा प्रत्येक पात्र ग्रामीण परिवार की पहचान सुनिश्चित करने का अवसर देना है।

### 273 आवेदनों में से 96 लोगों का बना लर्निंग लायसेंस



**सुकमा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मंशा के अनुरूप सुकमा जिले में सुशासन तिहार के अंतर्गत नागरिकों की समस्याओं और आवश्यकताओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। इस अभियान के तहत परिवहन विभाग ने लर्निंग लाइसेंस की प्रक्रिया को आसान और त्वरित बनाकर आम नागरिकों को बड़ी राहत दी है। परिवहन सुविधा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करने वाले आवेदकों को उसी दिन तत्काल लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया जा रहा है। सुशासन तिहार के अंतर्गत विभाग को कुल 273 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनमें से लगभग 96 आवेदकों को लर्निंग लाइसेंस जारी किया जा चुका है। शेष आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरा करने के पश्चात कार्यालय में उपस्थित होने के लिए पत्र भेजा जा रहा है, जिससे उन्हें भी समय पर लाइसेंस प्रदान किया जा सके।

### दंतेवाड़ा जिले से 5 बालक एवं 5 बालिकाओं ने लिया हिस्सा

# उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं जन मानस को प्रदान करना स्वास्थ्य विभाग की महती जिम्मेदारी: कलेक्टर

आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के छूटे हितग्राहियों को ट्रेस करके शत प्रतिशत पंजीयन, गैर संक्रामक रोगों के यूनिवर्सल स्क्रीनिंग के लिए गावं-गावं कैंपिंग, मेडिकल वेस्ट के विनष्टीकरण के लिए हर सामुदायिक सेंटर में व्यवस्था, निक्षय निरामयम योजना के संबंध में कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिला कार्यालय के डंकनी सभा कक्ष में आज कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा स्वास्थ्य एवं कल्याण विभाग की योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। इसका मुख्य उद्देश्य जनसामान्य तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ सुनिश्चित करना है। बैठक में कलेक्टर ने आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, के संबंध में निर्देश दिए है

- स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग के स्वास्थ्य योजनाओं की हुई समीक्षा

कि इन योजना से छूट गए पात्र हितग्राहियों की व्यक्तियों की पहचान कर उनका संपूर्ण पंजीयन किया जाए। साथ ही नॉन-कम्युनिकेबल गैर-संक्रामक बीमारियों की स्क्रीनिंग गांव-गांव कैंपिंग के माध्यम से यूनिवर्सल स्क्रीनिंग कर बीमारियों की जल्दी पहचान और उपचार सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा कल्याण विभाग की भूमिका केंद्र एवं राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं के प्रभावी संचालन में प्रमुख जिम्मेदारी है। आमजनों हेतु उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि मौसमी बीमारियों के उपचार हेतु दवाइयां की उपलब्धता एवं भंडारण पर्याप्त मात्रा में रखें इसके अलावा हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें साथ ही मेडिकल वेस्ट के सही विनष्टीकरण हेतु सत्पित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पर्याप्त स्थान होने चाहिए और वह कॉमन वेस्ट से अलग रहने चाहिए मलेरिया उन्मूलन अभियान के संबंध में कलेक्टर ने घर-घर जांच किए जाने का निर्देश साथ ही सभी सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं वैलनेस सेंटर में केंद्र और राज्य की महिला और बच्चों से संबंधित योजनाओं की जानकारी चस्पां के जाने के अलावा गर्मी को देखते हुए सभी स्वास्थ्य एवं वेलनेस सेंटरों में आमजनों हेतु पेयजल एवं ओआरएस गोल पैकेट अनिवार्य रूप से रखने को कहा।

बैठक में जानकारी दी गई कि आयुष्मान 70 प्लस वय वंदन योजना के अन्तर्गत 4657, लक्ष्य के विरूद्ध 2551, 54.78 प्रतिशत पंजीयन, सिकल सेल के लक्ष्य 189155, के विरूद्ध, 186272 स्क्रीनिंग किया जा चुका है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत जिले में पंजीयन की स्थिति 233479, राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में लक्ष्य 9721 के विरूद्ध 10973 जांच, 2025 तक चालू वर्ष में गर्भवती पंजीयन 8970, चालू वर्ष में संस्थागत प्रसव 8363 के विरूद्ध 6574, टीकाकरण लक्ष्य 8363, के विरूद्ध 8000 पूर्ण टीकाकरण किया जा चुका है।

बैठक में जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, सीएमएचओ अजय रामटेके सहित अन्य ब्लॉक के चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे।

# रोशनी और सोनाली को मिला स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

पीएमश्री स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम विद्यालय कोंटा में आज जिला शिक्षा अधिकारी सुकमा के मार्गदर्शन में बुधवार को सत्र 2024-25 के वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। कक्षा 1 से 8 एवं 9 और 11 के परिणाम जारी

- मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया

किए गए। इस मौके पर स्कूल परिसर में विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के सदस्य अंबाटी देवी, श्रीकांत, सुकमा जिला के परीक्षा प्रभारी एपीसी आशीष राम, प्राचार्य बीएल औरसा, प्रधान अध्यापक टी श्रीनिवास वासु,अभिभावक और शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एपीसी आशीष राम ने परीक्षा परिणाम उम्मीद के अनुसार न आने पर तनाव से निपटने के तरीके बताए। उन्होंने मेहनत, अनुशासन और लगातार प्रयास की अहमियत समझाई। छात्रों को नए शैक्षणिक सत्र के लिए शुभकामनाएं दीं।शाला विकास व प्रबंधन समिति के सदस्य अम्बाटी देवी ने छात्रों की उपलब्धियों की सराहना की और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

सेवा निवृत शिक्षक एम सत्यनारायण ने विद्यार्थियों के उज्वलव भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण के समय छात्र और उनके अभिभावक मौजूद रहे। अभिभावकों ने स्कूल और शिक्षकों का आभार जताया। विद्यालय परिवार ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयास करते रहने का संकल्प लिया।

### शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल महिला टीम ने अंतिम 4 में बनाई अपनी जगह

# सॉफ्टबॉल महिला टीम की ऐतिहासिक जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर की सॉफ्टबॉल महिला टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता नेल्लूर जो कि आयोजित है में प्रथम मैच में माधव यूनिवर्सिटी राजस्थान को 10-0 से एवं दूसरे मैच में सौराष्ट्र यूनिवर्सिटी गुजरात को 3-2 से तीसरे मैच में बेंगलुरु यूनिवर्सिटी कर्नाटक चौथे मैच में बरकततुल्ला यूनिवर्सिटी को हारा प्री क्वाटर में प्रवेश किया।

फिर पांचवे मैच में कुरूक्षेत्र यूनिवर्सिटी एवं गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी पंजाब को हरा कर सेमीफाइनल में जगह बनाई, इस अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में देश भर की 96 विश्वविद्यालय ने भाग लिया जिसमें शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय सॉफ्टबॉल महिला टीम ने अंतिम 4 में अपनी जगह बनाई। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय बस्तर के इतिहास में पहली बार कोई टीम अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय में क्वालीफाई किया, महिला टीम में कु ज्योति हेमला पिचर एवं कु अरुणा पुनेम कैचर की जुगलबंदी ने टीम को विजय बनाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई टीम में कु चंद्रकला, कु रेणुका, कु विमला शासकीय शहीद वेंकट राव महाविद्यालय बीजापुर, लक्ष्मी मौर्य, माड़वी शांति , शामबती , जयमती, शर्मिला, आकांक्षा ये शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा से यलका, लालिमा, अनीता विमला शासकीय नवीन महाविद्यालय धनोरा कोंडागांव से और ओमेश्वरी बस्तर यूनिवर्सिटी से सभी खिलाड़ी ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विश्वविद्यालय एवं टीम को गौरवान्वित किया इस टीम के कोच मारुति नन्दन मरकाम क्रीड़ा अधिकारी शासकीय महेंद्र कर्मा कन्या महाविद्यालय दंतेवाड़ा एवं मैनेजर राजेन्द्र सिंह राज थे।

टीम की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति महोदय शारीरिक शिक्षा विभाग के संचालक बी एल केवट, नवीन सिंह सर वरिष्ट क्रीड़ा अधिकारी, सोपान कार्निवाल कोच बीजापुर एकेडमी, रजनीश ओसवाल कोच एकलव्य कीड़ा परिसर जावांगा राहुल गौरखेड़े एवं सभी अधिकारियों ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई दी एवं खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य की कामना की।

# बालक तथा बालिका वर्ग टीम ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के तत्वावधान में 68 वीं शालेय राष्ट्रीय बेसबाल प्रतियोगिता 17 वर्ष आयुवर्ग के बालक बालिका का आयोजन दिल्ली में दिनांक 22 से 27 अप्रैल तक आयोजित किया गया था जिसमें छत्तीसगढ़ के बालक वर्ग टीम ने रजत पदक तथा बालिका वर्ग टीम ने भी रजत पदक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है।

राज्यस्तरीय बेसबॉल प्रतियोगिता जो कि राजनांदगांव में आयोजित थी उसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दंतेवाड़ा जिले से 5 बालक एवं 5 बालिकाओं का चयन छत्तीसगढ़ टीम हेतु किया गया था। बालक वर्ग में प्रवीण, सुखदेव, प्रमोद, गोपीराम एवं संतराम तथा बालिका वर्ग से हिंगेश्वरी, विनीता, पाण्डे, कौशल्या तथा ललिता तर्मा ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन कर दोनों वर्गों में रजत पदक दिलाया। छत्तीसगढ़ बालक वर्ग की टीम का फाइनल मैच में दिल्ली के विरुद्ध खेला गया जो कि बहुत ही कड़ा मुकाबला था दोनों टीम के खिलाड़ियों ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया परंतु मेजबान दिल्ली की टीम ने छत्तीसगढ़ टीम को 2—0 से हराकर फाइनल विजेता बनी और छत्तीसगढ़ की बालक टीम को सिल्वर मेडल से संतुष्ट होना पड़ा। छत्तीसगढ़ बालिका वर्ग की टीम का फाइनल मैच दिल्ली के विरुद्ध खेला गया जो कि बेहद रोचक मुकाबला था दोनों टीम के खिलाड़ियों ने अपना अच्छा प्रदर्शन किया परंतु मेजबान दिल्ली की टीम ने छत्तीसगढ़ टीम को 1—0 से हराकर फाइनल विजेता बनी और छत्तीसगढ़ की बालिका टीम को सिल्वर मेडल से संतुष्ट होना पड़ा। एकलव्य खेल परिसर जावंगा की बेसबॉल कोच अंजली खलको ने बताया कि दिल्ली जैसी टीम के विरुद्ध भी खिलाड़ियों ने अंतिम तक हौसला नहीं छोड़ा। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कलेक्टर कुणाल दुदावत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला खेल अधिकारी जयंत नाहटा, सहायक जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह, अधीक्षक रजनीश ओसवाल एवम् अंजू मंडावी ने खिलाड़यो को शुभकामनाएं प्रेषित किए हैं एवं उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

# पौधारोपण कर किया गया छिंदबहार में विश्व पृथ्वी दिवस सप्ताह का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा



समग्र शिक्षा रायपुर और जिला शिक्षा अधिकारी बलीराम बघेल एवं डीएमसी अखिलेश मिश्रा के मार्गदर्शन में विकासखण्ड दरभा की शासकीय उच्चतर विद्यालय छिंदबहार में विद्यार्थियों एवं लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने 22 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल तक लगातार सप्ताह भर चली विश्व पृथ्वी दिवस सप्ताह का आज समापन किया गया।

इस अवसर पर इको क्लब के प्रभारी एवं प्राचार्य बुधराम कश्यप ने बताया कि पहले दिन से संस्था में लगातार इस ओर कार्य किया गया जैसे आने वाले भविष्य में पेड़ों के बारे में अपरिचित और बच्चों को जानकारी देने क्यूआर जनरेट कर पेड़ों पर बांधना, पोषण वाटिका तैयार करना, प्लास्टिक साक्षरता हेतु प्रशिक्षण, जैविक, प्राकृतिक खेती उसका उपयोग, रक्षा सूत्र पेड़ों में बांधकर पेड़ों की रक्षा करना, सौर ऊर्जा हेतु प्रोत्साहन, सामग्रियों का पुनः उपयोग हेतु प्रेरित करना, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में लोगों को जागरूक करना, कंपोस्ट फिट तथा वर्मी कंपोस्ट निर्माण करने जैसी महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा किया जाकर लोगों को जागरूक करने की दिशा में हर संभव कोशिश और कार्य किया गया।

इस सप्ताह का समापन पर्यावरण संरक्षण हेतु पौध रोपण कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य बुधराम कश्यप,व्याख्याता दीनबंधु नाग, तुलादास मानिकपुरी, लुदरसन कश्यप, राजेश गुप्ता, डॉ अखिलेश त्रिपाठी, श्रीमती उषा कश्यप, मनोहर सिंह बरनाला, प्रमोद कुमार मरावी, सुबोध शुक्ला ,व्_यायाम शिक्षक नोहर सिंह सलाम, प्रमोद यादव,दिनेश नाग, देवचन्द सेठिया, हेमंत मांझी, नीलिमा सिंदरिया, जगन्नाथ समरथ, लच्छिन मौर्य, छात्र छात्राएं तथा अन्य लोग उपस्थित रहे।

# टॉपर विद्यार्थियों से मिलकर कलेक्टर ने सराहना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कक्षा 5वीं एवं 8वीं की केंद्रीकृत वार्षिक परीक्षा का परिणाम 30 अप्रैल को घोषित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों से भेंट कर उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर के निर्देशन में जिले के तीनों विकासखंड सुकमा, कोंटा और छिंदगढ़ में परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। कक्षा 5वीं की परीक्षा 636 केंद्रों में संपन्न हुई, जिसमें 3823 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से 3759 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे उत्तीर्ण प्रतिशत 99.50 रहा। वहीं कक्षा 8वीं की परीक्षा 224 केंद्रों में आयोजित हुई, जिसमें 3537 विद्यार्थियों में से 3358 विद्यार्थी सफल रहे, और उत्तीर्ण प्रतिशत 98.48 रहा।

इस अवसर पर परीक्षा प्रभारी आशीष राम, संकुल समन्वयक अल्बर्ट टोप्पो, प्रधान पाठक अबलम बघेल, कौशल नाग सहित संबंधित विद्यालयों के शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### कृषि विज्ञान केंन्द्र में धूमधाम से मनाया गया अक्ती तिहार

**सुकमा।** वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया को हम लोग अक्ती तिहार अक्षय तृतीया के रूप में मनाते हैं। इस दिन धरती माता की विधि विधान से पूजा करके खेतों की जुताई कर बीज बुवाई का कार्य शुरू करते हैं। इसी तारतम्य में 30 अप्रैल को कृषि विज्ञान केंन्द्र, सुकमा के मुरतोंडा स्थित प्रक्षेत्र में अक्ती तिहार अक्षय तृतीया विधि विधान एवं हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 26 किसान भाई-बहनों के साथ-साथ उन्हे ट्रेनिंग दे रहे कुश कुमार सिंन्हा डीएसटी एवं राहुल मेहरा उपस्थित हुए। इस अवसर पर प्रतीकात्मक रूप से थोड़े से क्षेत्र में धान की नर्सरी डाली गई तथा 25 डेसीमल क्षेत्रफल में आये हुए प्रशिक्षणार्थियों द्वारा मेढ़ बनाकर भिण्डी की बुआई भी की गई। कृषि विज्ञान केंन्द्र से वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख एचएस तोमर, कृषि वैज्ञानिक डॉ. परमानन्द साहू, कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संजय सिंह राठौर तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

## शिक्षक पालक सम्मेलन...





लोहंडीगुड़ा। पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय लोहंडीगुड़ा का स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम 30 अप्रैल को घोषित किया गया। परिणाम के साथ शिक्षक पालक सम्मेलन का आयोजन भी किया गया। जिसका शुभारंभ विद्यालय में एसएमडीसी अध्यक्ष बसंत कश्यप, उपाध्यक्ष केके पाणिग्रही के द्वारा किया गया। विद्यालय में प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक स्तर पर परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। पालको और शिक्षकों के विद्यार्थियों की मेहनत को खूब सराह और इसी तरह आगे बढ़ते रहने की सलाह दी। स्कूल प्रबंधन की तरफ़ से सभी कक्षा के प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। इस पालक बालक शिक्षक सम्मेलन में प्राचार्य अशोक खापर्डे, एसएमडीसी के सदस्य सहित सभी शिक्षक मौजूद थे।

# आदिवासी क्षेत्र में शिक्षा का सुधर रहा स्तर : अटामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





विश्वभारती नर्सिंग इंस्टीट्यूट, मोखपाल, दंतेवाड़ा में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले

- विधायक एवं जिला पंचायत अध्यक्ष ने पुरस्कार वितरण किया

विद्यार्थियों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदकों से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा के विधायक चैतराम अटामी एवं अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिले में विश्वभारती नर्सिंग कॉलेज की स्थापना से ग्रामीण व आदिवासी क्षेत्र के विद्यार्थियों को स्वास्थ्य क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिला है। साथ ही उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि दंतेवाड़ा जिले में अब एक मेडिकल कॉलेज की स्थापना हो चुकी है, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष अरविंद कुंजाम, रामबाबू गौतम, अनोज भदौरिया, विद्यासागर सिंह, सुमित भदौरिया, राजीव चौहान, मंगल बघेल एवं रवि भदौरिया, विजेंद्र गौतम सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में संस्था के निदेशक मानस मिश्रा ने सभी अतिथियों, गणमान्य नागरिकों एवं प्रतिभागी विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर प्रायोजक निकाय के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा ने भी क्षेत्र में संस्थान के प्रयासों से जनसामान्य कल अवगत कराया एवं भविष्य में जिले में स्वास्थ्य शिक्षा के और विस्तार की बात कही।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपत्तियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सड़क व शेड निर्माण कार्य के लिए राशि स्वीकृत

**जगदलपुर।** कलेक्टर द्वारा सांसद महेश कश्यप के मार्गदर्शन में संसदीय क्षेत्र 10 बस्तर के माध्यम से प्राप्त अनुशंसा एवं अनुविभागीय अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उप संभाग जगदलपुर बस्तर द्वारा प्रदत्त तकनीकी स्वीकृति के आधार पर वर्ष 2024-2025 हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जगदलपुर को क्रियान्वयन ऐजेंसी नियुक्त करते हुए विकासखण्ड जगदलपुर ग्राम गरावण्ड खुर्द के नेगीगुड़ा पारा में सेठिया पारा से खेत तक 226 मी. सीसी सड़क निर्माण कार्य हेतु 7 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति, ग्राम कुरंदी में राशन दुकान से बरगद चौक तक 325 मी. सीसी सड़क निर्माण कार्य हेतु 10 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति और ग्राम पंचायत माड़पाल में बाजार के समीप शेड निर्माण कार्य हेतु के लिए 1 लाख पचास हजार की प्रशासकीय स्वीकृति की गई। तीनों विकास कार्य के लिए 18 लाख पचास हजार रूपए की राशि स्वीकृत की गई है।

### जिस पर हुआ था एफआईआर उसे बनाया कांग्रेस ने उप नेता प्रतिपक्ष

**जगदलपुर।** नगर पालिक निगम में कांग्रेस पार्टी द्वारा पार्षद कोमल सेना को उप नेता प्रतिपक्ष नियुक्त करना नगर निगम के नियमों का उल्लंघन है। यह बात भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल अध्यक्ष प्रकाश झा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कही।



उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान पिछले कार्यकाल में पार्षद रही कोमल सेना ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही महिलाओं के साथ ठगी की। कांग्रेस के सरकार में एफआईआर दर्ज करवाया था। इस दौरान भाजपा ने थाना घेराव एवं अन्य प्रदर्शन किया था। उन्होंने कहा कि नगर निगम अधिनियम में उप नेता प्रतिपक्ष नामक किसी भी पद का कोई उल्लेख नहीं है। यह कांग्रेस की आंतरिक गुटबाजी और सत्ता के लालच का प्रतीक है, जिसमें जनता को भ्रमित करने और दिखावे की राजनीति करने की कोशिश की जा रही है।

## दंतेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद महापौर ने प्रस्तुत किया पहला बजट...







**जगदलपुर।** नगर निगम की सामान्य सभा में पहला बजट प्रस्तुत करने से पहले महापौर संजय पाण्डेय अपने सहयोगी निगम अध्यक्ष खेमसिंग देवांगन और सभापति लक्ष्मण झा के साथ दंतेश्वरी मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। वहां से सीधे भाजपा कार्यालय पहुंचे जहां सभी पार्षद और पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ नगर निगम पहुंचे। निगम कार्यालय में सभी लोगों ने तस्वीर उतार कर पहले बजट की याद को संजोए रखने के लिए एकजुटता दिखाई। बजट पेश करने कक्ष में जाने से पहले महिला कर्मियों ने तिलक लगाकर महापौर का स्वागत किया। कक्ष में सभी अपनी अपनी सीट पर बैठ गए। बजट प्रक्रिया शुरू करने से पहले जम्मु कश्मीर के पहलगाम में आतंकी घटना में मारे गए निर्दोष लोगों तथा हाल ही में दिवंगत हुए कांग्रेस के पार्षद अब्दुल रशीद को 2 मिनट की मौन श्रद्धांजली दी गई।

### सामान्य सभा मे लाए गए सभी विषय विपक्ष के हंगामे के बीच सर्वसम्मति से पारित

# एक राष्ट्र-एक चुनाव प्रस्ताव पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक में एक राष्ट्र-एक चुनाव के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर के पत्र के आधार पर यह विषय अध्यक्ष द्वारा सभा में प्रस्तुत किया गया था। प्रस्ताव पारित कर इसे कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल, राज्य शासन एवं भारत सरकार को भेजने की अनुशंसा की गई। इसे लोकतंत्र की मजबूती और संसाधनों की बचत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। सभा में अतिरिक्त विषयों पर भी निर्णय लिए गए, जिनमें विज्ञापन बोर्ड (ग्राउंड होर्डिंग्स) को पांच वर्षों के लिए ठेके पर दिए जाने हेतु तीन जोनों में विभाजन कर निविदा प्रक्रिया को स्वीकृति दी गई। साथ ही संजय मार्केट की थोक सब्जी मंडी की दो दुकानों को 5.61 लाख व 5.51 लाख की उच्चतम दर पर शिक्षित बेरोजगार व महिला वर्ग के लिए स्वीकृति दी गई। गंगामुंडा, दिवान तालाब एवं अन्य जलाशयों को मछली पालन हेतु दस वर्षों के लिए मछुवारा समूह, फर्म को ठेके पर देने के लिए निविदा प्रक्रिया को भी हरी झंडी दी गई। आज बजट के तत्काल बाद सभापति खेमसिंह देवांगन की अनुमति पर निगम सचिव ने एजेंडा के विषय पर जानकारी दी। राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने चर्चा के दौरान सर्वप्रथम आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर बधाई देते उनके जीवन पर जानकारी दी। सामान्य सभा में विकास, पर्यावरण, जलप्रदाय और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर लिए गए निर्णय। साथ ही नगर विकास, पर्यावरण संरक्षण, जनकल्याण और राजस्व सुदृढ़ीकरण से संबंधित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर विचार और निर्णय लिया गया। बलीराम कश्यप वार्ड में डॉ. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन के निर्माण के लिए 271.86 लाख की प्रावधिक स्वीकृति के अनुरूप प्रस्ताव भेजे जाने पर भी निर्णय लिया गया। निगम द्वारा लाए गए एजेंडे के विषयों ने सत्तापक्ष के मेयर इन काउंसिल मेंबर योगेंद्र पांडे, सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणिग्राही, संग्राम सिंह राणा, लक्ष्मण झा चर्चा में भाग लेते विपक्ष द्वारा किए गए विरोध एवं आपत्ति का उचित जवाब देने में कामयाब दिखे। जबकि विपक्ष में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राजेश चौधरी को वरिष्ठ पार्षद राकेश मोर्य, सूर्या पानी, कोमल सेना का साथ मिला और सत्तापक्ष को घेरने का कोई मौका नही छोड़े।

एजेंडे पर लाए गये विषय मे नगरोत्थान योजना के अंतर्गत दलपत सागर का सौंदर्यीकरण, प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण व अन्य निर्माण कार्यों के लिए 3500 लाख की स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भी शामिल किया गया। एजेंडा में दलपत सागर के सौंदर्यीकरण के लिए 1001.34 लाख रूपये की राशि, मुक्तिधाम से समुन्द चौक से पावर हाऊस चौक से पंचपथ चौक से लालबाग आमागुड़ा चौक तक मार्ग के चौड़ीकरण कार्य के लिये 1017.79 लाख रूपये की राशि एवं अन्य अतिरिक्त निर्माण कार्य क़े लिये 1480.87 लाख रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

#### लोकतंत्र की मजबूती और संसाधनों की बचत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया

##### वाटर हार्वेस्टिंग जरूरी, अवैध पंप पर विपक्ष का रार

सामान्य सभा मे हर वार्ड में टुल्लू पंप के विरुद्ध निगम द्वारा छेड़े गए अभियान और जुर्माना तथा वाटर हार्वेस्टिंग पर दंड के प्रावधान के साथ भारी हंगामा हुआ। भवन अनुज्ञा आदेश उसी आधार पर जारी किया जाएगा, जिनके द्वारा भवन अथवा मकान निर्माण के पूर्व वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की गई है या नहीं। पालन नहीं करने वाले भवन व मकान मालिक के विरुद्ध निगम द्वारा दंड एव निजी आवासों से 50 हजार एवं व्यवसायिक भवन संचालको से 1 लाख रुपये के भारी जुर्माना को लेकर निगम के नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने आपत्ति की। जलकार्य सभापति सुरेश गुप्ता ने सिरे से खारिज करते कहा कि एक ओर पानी सप्लाई दुरुस्त करने की बात कही जाती है,वही दूसरी ओर सप्लाई ठीक करने अवैध टुल्लू पंप जब्ती की कार्रवाई का विरोध किया जाता है,विपक्ष की यह दोहरी नीति नही चलेगी। अपने सभापति के समर्थन में उतरे महापोर ने सदन को बताया निजी अथवा व्यवसायिक भवन संचालक द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र लेने के पहले वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी।



##### निगम की आय वृद्धि पर चर्चा

संजय मार्केट के प्रथम तल के हॉल को शहीद वीर नारायण सिंह श्रम अन्न योजना के लिए न्यूनतम 4000 रुपए के किराए पर देने का प्रस्ताव पारित किया गया। एलईडी और टेरिस विज्ञापन हेतु वार्षिक दर में 10 प्रतिशत वृद्धि तथा नगर निगम कार्यों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु परियोजना प्रबंधन इकाई की स्थापना का प्रस्ताव भी स्वीकृत हुआ। जल प्रदाय दरों में संशोधन करते हुए निर्माण कार्य, विवाह, धार्मिक कार्यक्रमों व बीपीएल विवाह के लिए टैंकरों की नई दरें तय की गईं।

##### विपक्ष को सत्तापक्ष सदस्य का समर्थन

आज सामान्य सभा की बैठक में विपक्ष उस दौरान आत्ममुग्ध हुई,जब उन्हें वाटर हार्वेस्टिंग और अन्य विषयों पर विरोध के स्वर में स्वर मिलाते सत्तापक्ष के पार्षद नरसिंह राव का समर्थन मिला। हालांकि नरसिंग का मकसद विपक्ष का समर्थन से नही था,बल्कि जनता के ऊपर पड़ने वाला अतिरिक्त खर्च पर केंद्रित था। दूसरा उनकी आपत्ति दण्ड को लेकर रेखांकित था,राव सभापति के माध्यम से यह जानना चाहा क्या निगम को शहर के आमजनों को राशि के रूप में दंड देने का अधिकार है,और जब भारत ने दंड संहिता ही खत्म कर न्याय संहिता लागू किया गया है। सत्तापक्ष के प्रश्न का जवाब विधि सभापति संजय विश्वकर्मा ने देते कहा वास्तव ने उसे दंड नही अर्थ दंड कहा जाय।

### सीसी सड़क का विधायक ने किया भूमिपूजन



**जगदलपुर।** जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत नकटी सेमरा पंचायत में निमार्ण कार्य का भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देव ने विधिवत भूमिपूजन किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक ने नकटी सेमरा पंचायत में 500 मीटर सीसी सडक जिसकी लागत 14.06 लाख रूपए का भूमिपूजन किया। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, जनपद सदस्य श्रीती शर्मा,सरपंच पद्मनी नाग, उपसरपंच गणेश नागवंशी उपस्थित थे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक देव ने कहा कि प्रदेश सरकार में हर क्षेत्र में विकास कार्य को प्राथमिकता में लिया है। जिसके तहत लगातार चौमुखी विकास कार्य हो रहे हैं। जनता के मांग के अनुरूप विकास कार्य हो रहे हैं। नकटी सेमरा में मांझी पारा में बहुत पुरानी मांग थी सीसी सडक की जिसका आज विधिवत भूमिपूजन किया गया। देव ने निर्माण कार्य गुणवत्ता व तय समय सीमा में करने का निर्देश दिया। इस दौरान मनोहर तिवारी,राजेश श्रीवास्तव, सीईओ अमित भाटिया,मंडी बोर्ड के श्री खेरानी , राधे पन्द्रे,तपन व ग्राम वासी उपस्थित थे।

# तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मजदूर दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के सदस्यों ने मिलकर स्थानीय शहीद स्मारक सिरहासार में सभा का आयोजन किया गया।

- **आज भी ठेका प्रथा तथा संविदा कर्मचारी से 8 घंटे से अधिक समय का कार्य लिया जा रहा**



संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि वर्ष 1886 में अमेरिका के शिकागो शहर में कार्य करने के घंटे और सप्ताह में एक दिन का आराम के लिए पूरी दुनिया में पहली बार श्रमिकों ने आंदोलन किया। संभागीय अध्यक्ष अतुल शुक्ला ने बताया कि भारत में पहली बार सन 1923 में चेन्नई में मजदूर दिवस का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने सभी को अपने-अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने तथा आवाज उठाने की बात कही। महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष नीलम मिश्रा ने कहा कि आज भी बहुत से मजदूर बुनियादी अधिकारों से वंचित हैं ।

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संभाग प्रभारी कैलाश चौहान ने कहा कि आज भी ठेका प्रथा तथा संविदा कर्मचारी से 8 घंटे से अधिक समय का कार्य लिया जा रहा है, जो कि कर्मचारियों का शोषण है। इसका घर पुरजोर विरोध करना होगा। इसके पश्चात संघ संभागीय कोषाध्यक्ष संजय चौहान तथा वरिष्ठ प्रधान अध्यापक पी जी राव ने भी सभा को संबोधित किया। आभार प्रदर्शन विनोद वर्गीज ने किया।

सभा समाप्ति के पश्चात सदस्यों ने कलेक्टर कार्यालय रैली के रूप में जाकर छत्तीसगढ़ के कर्मचारी के अधिकारों के लिए प्रधानमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया।



### विद्यार्थियों को दिया गया व्यवसायिक इन्टरशिप प्रमाण पत्र

**जगदलपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैबेल में व्यवासायिक के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरण किया गया।बकावंड ब्लाक अंतर्गत जैबेल में संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम बैंकिंग एवं टेलिकॉम के अध्यनरत कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के दौरान प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस दौरान संस्था के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष अर्जुन पाण्डेय,प्राचार्य एलआर हिरवानी, शाला के शिक्षक रेणुधर बघेल,वीके साहू, डीके पाण्डेय, राजपूत व्यवासायिक प्रशिक्षक टीएस साहू एवं पूनम साहू मेम द्वारा विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रमाण पत्र वितरण किया गया ।

# बस्तर विकास को लेकर स्थानीय जन मानस से चर्चा कर बनाया जाए रोड मैप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर में नक्सलवाद खात्मा हेतु शांति वार्ता एवं खनिज दोहन नीति उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, स्वरोजगार, पर्यटन, सिंचाई, आवागमन, व्यापार, धर्मनिरपेक्षता नीति संस्कृति संरक्षण, एवं बस्तर

- **मुक्ति मोर्चा ने नक्सल समस्या पर हो रहे पहल का किया स्वागत**

के संपूर्ण विकास रोड मैप बनाने आईजी को ज्ञापन दिया गया। बस्तर के राजनीतिक सर्व दलीय, बुद्धिजीवी, सर्व समाज पत्रकार, समाज जनप्रतिनिधि, अधिकारी वर्ग को शामिल कर संवैधानिक कमेटी अथवा प्राधिकरण बनाने की मांग की गई। बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा ने आईजी पी सुंदर राज के माध्यम से राष्ट्रपति सहित प्रधानमंत्री राज्यपाल, गृह मंत्री सहित गृह मंत्रालय भारत सरकार मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन भेजा जाएगा।



मुक्ति मोर्चा के प्रमुख संयोजक नवनीत चांद ने बस्तर में एक दशक से पनप रहे नक्सलवाद को खत्म करने के सरकार की मुहिम और इच्छा शक्ति की प्रशंसा की है। उन्होंने दंतेवाड़ा प्रवास के दौरान दिए गए गृह मंत्री के बयान पर कहा कि नक्सलियों से शांति वार्ता करने की अपील किया है। वहीं बस्तर के विकास का रोड मैप को तैयार करने की बात कही है। इन बातों को सुनकर बस्तर के निवासियों में फिर एक बार नई उम्मीद दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा है कि 25 वर्षों में जब से छत्तीसगढ़ राज्य बना है बस्तर के विकास का रोड मैप कभी भी बस्तर के आम निवासियों एवं सभी राजनीतिक दल, बुद्धिजीवी वर्ग ,सर्व समाज व्यापारी व पत्रकार व जनप्रतिनिधि वर्ग को एक समिति के माध्यम से एक छत के नीचे लाकर नहीं बनाया गया, जिससे बस्तर के वास्तविक विकास हेतु जो मांग या आवश्यकता है उसे कभी भी किसी सरकार ने बस्तर के विकास के रोड मैप के रूप में शामिल नहीं किया।

चांद ने कहा है बस्तरवासी यह चाहते हैं कि बस्तर में व्याप्त समस्याएं नक्सलवाद एवं शिक्षा, स्वास्थ्य , रोजगार, धर्म हिंसा, उद्योग, सिचाई आदि को लेकर मौजूदा समस्याओं पर विकास का रोड मैप तैयार हो।

बस्तर में हर कोई उद्योग का विरोध नहीं करता बस्तरवासियों की वास्तविक मांग एवं अधिकार को नहीं समझा गया। दमन नीति को लागू कर जबरन उद्योग लगाने का प्रयास किया गया। इस दौरान जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे एवं बस्तर मुक्ति मोर्चा के नगर मंडल अध्यक्ष मेहताब सिंह, युवा विंग जिला अध्यक्ष हिमांशु आनंद, नगर महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता सरकार, महामंत्री प्रिया यादव, सचिव मोहनी सिंग, मुक्ति मौर्चा ऑफिस इंचार्ज, के आकाश जॉन, बस्तर विधानसभा अध्यक्ष नीलांबर भद्रे, चित्रकूट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल आदि पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगरनार क्षेत्र में बिजली गुल, बैंक और पंचायत भवन में अंधेरे में होता रहा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

दुपहरी की गर्मी में नगरनार स्टील प्लांट के नजदीक बस्ती में बिजली गुल थी। गुरूवार की दोपहर में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा नगरनार और पंचायत भवन नगरनार में अन्धेरे में बैठकर लोग काम करते रहे। दुपहरी की गर्मी में बिना पंखे के काम हो रहा था। हरिभूमि ने बैंक पहुंचकर शाखा प्रबंधक सोमनाथ सेठिया से चर्चा की जहां रूपये जमा करने और निकालने के लिए ग्रामीण पहुंचे थे। सभी गर्मी से बेहाल थे। बताया गया कि बिजली गुल होना रोजाना का काम है। सड़क निर्माण कार्य होने से प्रतिदिन दोपहर में बिजली चली जाती है और उसके आने का कोई समय नहीं है। सारे लोग बैंक में बिजली आने का



इंतजार कर रहे थे। इसके बाद पंचायत भवन पहुंचने पर पंच और सचिव अंधेरे में बैठकर काम करते दिखाई पडे। पंचायत सचिव श्याम लाल बघेल ने बताया कि लंबे समय तक हड़ताल में होने से काम बढ़ गया है। सभी काम को रजिस्टर में इंट्री करना है इसलिए बिजली नहीं होने के बाद भी बिना पंखे के हवा के काम कर रहें है। पंचों ने भी बताया कि कई दिन से दोपहर में बिजली चली जाती है। विभाग को ध्यान देना चाहिए। वहीं पंचायत भवन से एनएमडीसी का स्टील प्लांट साफ दिखाई पड़ रहा था। यहां बिजली होने से उत्पादन और अन्य सभी कार्य चल रहे थे। बताया गया कि स्टील प्लांट में बड़ा पावर हाउस है। लोहा गलता है इसलिए वहां बिजली की 24 घंटे व्यवस्था रहती है। सभी अधिकारी और कर्मचारी पंखे और एसी में काम कर रहे है लेकिन हम लोग नजदीक रह कर भी झुलस रहे है।

# सुशासन तिहार में 90 लोंगों को बनाकर दिया गया आयुष्मान कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राज्य शासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं के समाधान सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों

- **हितग्राहियों ने तत्काल आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शासन-प्रशासन का माना आभार**

को दिलाने तथा आम जनता से सीधे संवाद करने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र से लेकर गांवों तक सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया जा रहा है। सुशासन तिहार के पहले चरण में प्राप्त आवेदनों पर संबंधित विभागों के द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। सुशासन तिहार में स्वास्थ्य विभाग को आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु 119 आवेदन मिले थे जिसमें विभाग द्वारा 90 लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड जारी कर दिया गया। जिससे हितग्राहियों ने शासन प्रशासन की त्वरित पहल के लिए आभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन पत्र प्राप्त किए गए, वहीं दूसरे चरण में प्राप्त आवेदन पत्रों का विभिन्न विभागों द्वारा युद्ध स्तर पर निराकरण किया जा रहा है।

इसी कड़ी में सुशासन तिहार अंतर्गत जगदलपुर शहर के महारानी वार्ड की निवासी अर्चना दत्ता ने आयुष्मान कार्ड के लिए आवेदन किया था। जिसका आवेदन पत्र प्राप्त होने के बाद विभाग के आयुष्मान कार्ड निर्माण करने वाले शाखा के द्वारा आवेदनकर्ता से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज के आधार पर आयुष्मान कार्ड (50हजार का मुफ्त उपचार)का निर्माण किया। इसी प्रकार मदनमोहन मालवीय वार्ड निवासी विजय केवट ने आयुष्मान कार्ड (पाँच लाख तक का मुफ्त उपचार), तोकापाल विकासखण्ड के माटकोट निवासी कृष्णा, दरभा विकासखंड के करका निवासी राजूराम और बस्तर की निवासी हेमलता पोडियमी ने आवेदन दिया था, उन्होंने भी तत्काल आयुष्मान कार्ड जारी करने के लिए प्रशासन का आभार जताया है।

